**दिनांक–20.06.2013 को विशेष सचिव, जल संसाधन विभाग, राँची की अध्यक्षता में मुख्य अभियंता (याँ) के परिक्षेत्राधीन कार्यो की समीक्षा बैठक की कार्यवाही।**

| क्र०सं० | विवेचना | निदेश |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य अभियंता (याँत्रिक) परिक्षेत्राधीन सिंचाई याँत्रिक प्रमण्डल, राँची के बचे हुए अनुपयोगी सामग्रियों की सूचि अब तक मूल्यांकण हेतु नहीं उपलब्ध करायी गई है। | मुख्य अभियंता को निदेश दिया गया कि इस कार्य को 24.06.13 तक पूर्ण कर सूची विभाग को उपलब्ध करा दिया जाय एवं सभी याँत्रिक प्रमण्डलों के कंडम एवं अनुपयोगी समग्रीयों का मूल्यांकन कार्य दिनांक–30.06.2013 तक अवश्य पूर्ण कर विभाग को संसूचित किया जाय। |
| 2 | सिंचाई याँत्रिक प्रमण्डल राँचीः– मुख्य अभियंता (याँ०) द्वारा बताया गया कि सुरंगी जलाशय योजना में दाँया ऑउटलेट का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं बाँया ऑउटलेट का कार्य एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण हो जायेगा। | मुख्य अभियंता को निदेश दिया गया कि सुरंगी जलाशय योजना के बाँया ऑउटलेट की मरम्मति का कार्य निश्चित रूप से 27.06.2013 तक पूर्ण कर लिया जाय। |
| 3 | सिंचाई याँत्रिक प्रमण्डल देवघर :– कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि त्रिवेणी जलाशय योजना के गेटों का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस योजना में डुमरिया एवं अमलो वितरणी के H/R का पूर्ण हो चुका है पर नहर में प्रस्तावित लाईनिग होने के कारण C/R कार्य नहीं हुआ है। | कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि मुख्य अभियंता, देवघर से सम्पर्क स्थापित कर नहर में C/R अधीष्ठापन का कार्य दिनांक–15.07.2013 तक अवश्य पूर्ण किया जाय |
| 4 | याँत्रिक प्रमण्डल बनासो :– मुख्य अभियंता (याँ) द्वारा यह बताया गया कि पंचखेरो जलाशय योजना का कार्य प्रगति में है एवं इसके Hoisting arrangement का कार्य दिनांक–30.06.2013 का पूर्ण हो जायेगा। | मुख्य अभियंता (याँ) को निदेश दिया गया कि इस कार्य को दिनांक–30.06.2013 तक अवश्य पूर्ण कर लिया जाय। इसके साथ–2 सभी Spillover कार्य को दिनांक–30.06.2013 तक पूर्ण कर लिया जाय। |
| 5 | याँत्रिक प्रमण्डल मंडल शिविर मेदिनीनगर :– मुख्य अभियंता द्वारा बताया गया कि याँत्रिक प्रमण्डल मेदिनीनगर में चिरका जलाशय योजना, धनकई जलाशय योजना एवं पंडरवा जलाशय योजना में कार्य पूर्ण हो चुका है। | मुख्य अभियंता को निदेश दिया गया कि दिनांक–30.06.2013 तक सभी कार्य को शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाय। |

**अन्यान्य :–**

1. बैठक में उपस्थित मुख्य अभियंता (याँत्रिक), अधीक्षण अभियंता, (याँत्रिक), कार्यपालक अभियंता (याँत्रिक), सिंचाई याँत्रिक प्रमण्डल, राँची / देवघर / बनासो / मंडल शिविर मेदिनीनगर को निदेश दिया गया कि चल रहे Spillover कार्य को 30 जून 2013 के पूर्व अवश्य पूर्ण करा लिया जाय।
2. इस वित्तीय वर्ष 2013–14 में करायें जाने वाले कार्यो का प्राक्कलन में संयुक्त स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन जिसमें सिंचाई उपलब्धि का भी उल्लेख हो कि दिनांक–30.06.2013 तक अवश्य समर्पित किया जाय।

3. ऐसे गेटों जिनमें कम रख–रखाव (Greasing, Rubber Sill Change इत्यादि) की आवश्यकता हो उनकी सूची Status के साथ अभी तक विभाग को उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसे दिनांक–30.06.2013 तक विभाग को उपलब्ध कराई जाय।

4. विशेष मरम्मति वाले गेटों की सूचि Status एवं Photographs के साथ विभाग को उपलब्ध कराया जाय।

5. मरम्मति कियें जाने वाले गेटों का Photograph कार्य शुरू करने के पहले (प्राक्कलन के साथ) एवं कार्य पूर्ण करने के पश्चात् विभाग को अवश्य उपलब्ध कराई जाय एवं इसे Internet पर भी अवश्य Upload किया जाय।

6. सभी यॉंत्रिक प्रमण्डल अपने अधीन सभी संरचनाओं का Photograph के साथ यॉंत्रिक कार्यो के लिए एक Standard Operating procedure (SOP) तैयार कर विभाग को उपलब्ध करायेगें। इन सभी संरचनाओं का वे समय–2 पर निरीक्षण करेगें। प्रत्येक वर्ष इस संरचनाओं जैसे Gate इत्यादि को Operate करेगें, जिससे कि वें Maintain रहें। प्रत्येक वर्ष सरंचनाओं की Annual Maintenance अपने प्रमण्डल के Mechanic से करवाना सुनिश्चित करेगें। प्रत्येक वर्ष माह अप्रैल से अक्टूबर में सभी संरचनाओं की निरीक्षण कर उनके Status का प्रतिवेदन देगें।

विश्वासभाजन

27/6/13

(बी० सी० निगम)

विशेष सचिव

23/6/13

ज्ञापांकः– /राँची/दिनांकः–..................

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता (यॉंत्रिक), जल संसाधन विभाग, राँची/मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, राँची/देवघर/हजारीबाग/मेदिनीनगर/ अधीक्षण अभियंता (यॉंत्रिक), सिंचाई यॉंत्रिक अंचल, राँची /कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक), सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, राँची / देवघर /बनासो/मंडल शिविर मेदिनीनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अशोक कुमार)

मुख्य अभियंता

ज्ञापांकः– /राँची/दिनांकः–..................

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग के सचिव एवं विशेष सचिव, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

(अशोक कुमार)

मुख्य अभियंता

ज्ञापांकः– 495 /राँची/दिनांकः– 27.6.13

प्रतिलिपिः– Web Manager जल संसाधन विभाग, राँची को सूचनार्थ प्रेषित। कृपया संबंधित पदाधिकारियों को E-mail से प्रेषित करें।

27/6/2013

(अशोक कुमार)

मुख्य अभियंता